आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

नतीजे–लोकसभा

प्रदेश में लोकसभा चुनावों में भाजपा ने एक बार फिर सभी चारों सीटें जीत कर इतिहास रचने की कगार पर है। अभी तक हमीरपुर और मंडी संसदीय सीटों के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए हैं, जिसमें भाजपा प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। हमीरपुर से अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस के सतपाल रायजादा को एक लाख 82 हज़ार 3 सौ 57 वोटों के भारी अंतर से पराजित किया। अनुराग सिंह ठाकुर को 6 लाख 7 हज़ार 68 वोट मिले जबकि सतपाल रायजादा ने 4 लाख 24 हज़ार 7 सौ 11 मत प्राप्त किए। अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर संसदीय सीट पर लगातार पांचवीं बार जीत हासिल की है। मंडी संसदीय सीट पर भाजपा की कंगना रनौत ने कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह को 74 हज़ार 7 सौ 55 मतों से पराजित किया। कंगना रनौत को 5 लाख 37 हज़ार 22 जबकि विक्रमादित्य सिंह को 4 लाख 62 हज़ार 2 सौ 67 वोट मिले। उधर कांगड़ा संसदीय सीट पर भाजपा के डॉक्टर राजीव भारद्वाज कांग्रेस के आनंद शर्मा से 2 लाख 51 हज़ार 8 सौ 95 मतों से आगे चल रहे हैं। शिमला संसदीय सीट पर भाजपा के सुरेश कश्यप ने कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी पर 90 हज़ार 5 सौ 48 मतों से बढ़त बनाई है।

नतीजे–विधानसभा

प्रदेश की 6 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने चार जबकि भाजपा ने दो सीटों पर जीत हासिल की है। लाहौल स्पीति, सुजानपुर, गगरेट और कुटलैहड़ विधानसभा सीट कांग्रेस की झोली में गई है जबकि बड़सर और धर्मशाला सीट पर भाजपा ने बाजी मारी है। लाहौल स्पीति में कांग्रेस की अनुराधा राणा ने निर्दलीय प्रत्याशी रामलाल मारकंडा को एक हज़ार 9 सौ 60 मतों से पराजित किया। अनुराधा राणा को 9 हज़ार 4 सौ 14 और रामलाल मारकंडा को 7 हज़ार 4 सौ 54 वोट पड़े। इसके अलावा भाजपा के रवि ठाकुर 3 हज़ार 49 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे और उनकी जमानत ज़ब्त हुई। सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के रणजीत सिंह राणा ने भाजपा के राजेन्द्र राणा को 2 हज़ार 4 सौ 40 वोटों से पराजित किया। रणजीत सिंह राणा को 29 हज़ार 5 सौ 29 जबकि राजेन्द्र राणा को 27 हज़ार 89 मत पड़े। उधर ऊना ज़िले की गगरेट विधानसभा सीट पर कांग्रेस के राकेश कालिया ने भाजपा के चैतन्य शर्मा को 8 हज़ार 4 सौ 87 मतों के अंतर से शिकस्त दी। राकेश कालिया ने 35 हज़ार 7 सौ 68 जबकि चैतन्य शर्मा ने 27 हज़ार 2 सौ 81 वोट हासिल किए। कुटलैहड़ विधानसभा सीट पर कांग्रेस के विवेक शर्मा ने भाजपा के देवेन्द्र कुमार भुट्टो को 5 हज़ार 3 सौ 56 मतों से पराजित किया। विवेक शर्मा को 36 हज़ार 8 सौ 53 जबकि भुट्टो को 31 हज़ार 4 सौ 97 मत पड़े। धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने कांग्रेस के देवेन्द्र सिंह जग्गी को 5 हज़ार 2 सौ 26 मतों से पराजित किया। सुधीर शर्मा को 28 हज़ार 66 जबकि देवेन्द्र सिंह जग्गी को 22 हज़ार 5 सौ 40 मत पड़े। उधर हमीरपुर ज़िले की बड़सर सीट पर भी भाजपा ने जीत हासिल की। पार्टी प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने कांग्रेस के सुभाष चंद को 2 हज़ार एक सौ 25 वोटों से हराया। लखनपाल ने 33 हज़ार 86 जबकि सुभाष चंद ने 30 हज़ार 9 सौ 61 वोट हासिल किए।

**मतगणना**

देशभर में लोकसभा चुनाव के लिए डाले गए मतों की गिनती आज हो रही है। अभी तक 60 सीटों के परिणाम घोषित हो चुके हैं जिनमें से भाजपा ने 38 और कांग्रेस पार्टी ने 12 सीटें जीती हैं। अभी तक के रूझानों के अनुसार एन.डी.ए. और इंडी गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर जारी है। एनडीए दो सौ 89 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं जबकि इंडिया गठबंधन दो सौ 36 सीटों पर आगे चल रहा है। अकेले भाजपा वर्ष 2019 के चुनाव परिणामों की तुलना में 61 सीटों के नुकसान के साथ दो सौ 42 सीटों पर आगे चल रही है।

**अनुराग ठाकुर**

हमीरपुर संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने अपनी जीत के लिए मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि देश में एक बार फिर एनडीए की सरकार बन रही है और लोगों को नरेन्द्र मोदी के रूप में ईमानदार व सशक्त नेतृत्व मिलेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अगले पांच वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाईयों को छुंएगा और विकसित राष्ट्र का सपना साकार होगा। उन्होंने प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में डालने के लिए जनता का धन्यवाद किया है।

---